/font>

Title: Need to provide mobile services of VSNL in Selu area of Parbhani Parliamentary Constituency- Laid.

श्री सुरेश रामराव जाधव (परभनी): अध्यक्ष महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र परभणी के उपनगरीय इलाके सेलु में मोबाईल फोन से स्थायी फोन पर फोन करने पर पल्स रेट 30 सैंकेंड का है, जबकि पूणे, परभणी, औरंगाबाद, जो कि नगरीय इलाके हैं, से मोबाईल फोन से स्थायी फोन पर फोन करने पर पल्स रेट 60 सैंकेंड है। दूसरी ओर परतूर, जालना, पूणे में स्थायी फोन से मोबाईल पर फोन करने पर पल्स रेल 90 सैंकेंड है। इस प्रकार आप पायेंगे कि यह पल्स रेल ग्रामीण इलाकों में अधिक है जबकि शहरी इलाकों में कम। जो कि सरकार की ग्रामीण इलाकों में सस्ती फोन सुविधायें उपलब्ध कराने की नीति के बिल्कुल विरूद्ध है। सेलु में तो मोबाईल सुविधायें तक उपलब्ध नहीं है।

अतः इस सदन के माध्यम से मैं सरकार से अपील करता हूं कि वह इस ओर ध्यान दे तथा यथासंभव सभी जगहों पर पल्स रेट समान करने तथा विशोकर ग्रामीण इलाकों में पल्स रेट कम करने के लिए तुरंत आवश्यक कदम उठाये तथा सेलु जिला में मोबाइल सेवायें उपलब्ध कराने के लिए बीएसएनएल को निर्देश दें।